अमर उजाला 17/11/2024

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज प्रथम

विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। कॉलेज

अंबाला। एसडी कॉलेज़ ने संविधान पर एक क्विज का आयोजन करवाया गया। प्रत्येक कॉलेज से तीन छात्रों की टीम को आमंत्रित किया गया।

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज से तीन विद्यार्थियों की टीम ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में छात्रों को निरंतर रूप से भाग लेना चाहिए। इससे ही व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है। डॉ. सरोज ने छात्रों की प्रशंसा की और भविष्य के लिए और कड़ी मेहनत करने को कहा। डॉ. तृप्ति शर्मा ने बताया कि क्विज जैसी प्रतियोगिता छात्रों के ज्ञान में वर्धन करती है । साथ ही उन्होंने बताया कि इस विजेता टीम में निशा और सुमित जो कि बीए द्वितीय वर्ष के छात्र है, प्रगति बीसीए द्वितीय वर्ष ने अग्रणी भूमिका निभाई। संवाद